**बैठक कार्यवृत्त**

दिनांक 21.02.2026 दिन शनिवार को समय अपरान्ह 5.00 बजे जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर जल योजना कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक गाँधी सभागार कलेक्ट्रेट कार्यालय,कन्नौज में जिलाधिकारी,महोदय के निर्देश पर अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1. अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, कन्नौज।
2. प्रतिनिधि जी0वी0पी0आर0 हैदराबाद।
3. प्रतिनिधि डी0पी0एम0यू0 कन्नौज।
4. प्रतिनिधि टी0पी0आई0,कन्नौज।

बैठक में वी0एस0ए0 इन्फ्रा का कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था। दोनों संस्थाओं की पृथक–पृथक समीक्षा निम्नवत की गयी।

1–भारत सरकार/दर्पण पोर्टल पर रैकिंगः–समीक्षा में पाया गया कि टैप वाटर कनेक्शन में जनपद के लक्ष्य 274534 के सापेक्ष उपलब्धि 267495 है, जो 97.44 प्रतिशत हैं, जो कि प्रदेश में 34वें स्थान पर है। 685 के सापेक्ष 474 राजस्व ग्राम सर्टिफाइड है, जो कि 68.90 प्रतिशत है तथा प्रदेश में 06टवें स्थान पर है। वी0एस0ए0 इन्फ्रा संस्था के अनुपस्थित रहने के कारण उनकी प्रगति की समीक्षा नहीं की जा सकी। अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को जनपद की एफ0एच0टी0सी0 प्रगति बढ़ाते हुए सर्टिफाइड एवं हैण्डओवर ग्रामों की संख्या अगले सप्ताह तक बढ़ाये जाने के निर्देश दिए गये। हर घर कनेक्शन दर्पण पोर्टल की समीक्षा का बिन्दु है,इसलिए इसे शत प्रतिशत तक करने का निर्देश दिया गया।

1–वी0एस0ए0 इन्फ्राः

वी0एस0ए0 इन्फ्रा का कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ जिसके कारण उनकी समीक्षा नहीं की जा सकी। वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा 128 परियोजनाओं में 201 राजस्व गाँव एवं 138 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 138 के सापेक्ष सभी 138 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 1385 किमी0 पाइपलाइन बिछाने के सापेक्ष 1379 किमी0 पाइपलाइन बिछायी जा चुकी है, कुल 06 किमी0 पाइपलाइन बिछाया जाना अभी अवशेष है। एफ0एच0टी0सी0 83264 के सापेक्ष 76831 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 128 परियोजनाओं के 201 राजस्व गाँव के सापेक्ष मात्र 42 ग्राम सर्टिफाइड हुए हैं। अभी भी 118 के सापेक्ष 59 ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण होना शेष है। ओ0एच0टी0 निर्माण एवं सर्टिफिकेशन में वी0एस0ए0 इन्फ्रा की प्रगति अत्यन्त खराब पायी गयी,जिसके लिए उनको कार्यों में सुधार करने की आवश्यकता है।

बैठक में वी0एस0ए0 इन्फ्रा का कोई प्रतिनिधि उपस्थित न होने के कारण अगली बैठक तक अनुमानित प्रगति का कोई आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ। वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा गत बैठक में अगले सप्ताह तक 02 ग्राम भिदासिन एवं नेरा का सर्टिफिकेशन कार्य पूर्ण कराये जाने एवं ग्राम महचन्दापुर एवं तेरामल्लू का ओ0एच0टी0 कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया था,,जो कि अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज के अनुसार पूर्ण नहीं किया गया।

<u>2–जी0वी0पी0आर0:–</u>

जी0वी0पी0आर0 की 188 परियोजनाओं में 327 राजस्व गाँव एवं 249 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 209 के सापेक्ष सभी 209 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 2104.67 किमी0 पाइपलाइन बिछाने के लक्ष्य के सापेक्ष 2104.67 किमी0 पाइपलाइन का कार्य कराया जा चुका है। अब पाइपलाइन बिछाने एवं ट्यूबवेल निर्माण का कार्य कोई अवशेष नहीं है। एफ0एच0टी0सी0 114482 के सापेक्ष 113151 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 188 परियोजनाओं के 327 राजस्व गाँव के सापेक्ष 282 ग्राम सर्टिफाइड हो चुके हैं। अभी 181 ओ0एच0टी0 के सापेक्ष 17 ओ0एच0टी0 कार्य पूर्ण होना शेष है।

गत बैठक दिनांक 16 जनवरी, 2026 में जी0वी0पी0आर0 द्वारा 02 ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया था,जिसके सापेक्ष चार सप्ताह तक इनके द्वारा 02 ओ0एच0टी0 ग्राम भौराजपुर हाथिन एवं सदरपुर द्वारिकापुर का कार्य पूर्ण किया गया। इसी प्रकार गत बैठक दिनांक 18.01.2026 से 21.02.2026 तक 12 ग्रामों का सर्टिफिकेशन कार्य पूर्ण कराया गया है। जी0वी0पी0आर0 द्वारा अगले सप्ताह तक 05 ग्रामों में ओ0एच0टी0 कार्य 03 ग्रामों का सर्टिफिकेशन कार्य पूर्ण कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

अन्य निर्देशः–

Scanned with OKEN Scanner

1 अधिशाषी अभियन्ता जलनिगम कन्नौज को अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त मार्गो का पुनरूद्धार प्राथमिकता पर कराये जाने के निर्देश दिए गये।

2– अधोहस्ताक्षरी द्वारा नल–जल मित्र का चयन करने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कराने के उपरान्त ही चयन करने के निर्देश दिए गये।

3– जल सेवा आकलन की समीक्षा में 251 ग्राम पंचायत में 335 राजस्व ग्रामो के सापेक्ष मात्र 24 ग्राम पंचायत के 33 राजस्व ग्रामों में ही प्रगति हो पायी है। जिला पंचायत राज अधिकारी कन्नौज से अपेक्षा है,कि वह पंचायत सचिवों के माध्यम से जल सेवा आकलन के लक्ष्य को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करा लें।

Digitally signed by NARENDRA DEV DWIVEDI
Date: 25-02-2026 15:23:41

(एन0डी0द्विवेदी)
जिला विकास अधिकारी
कन्नौज।

## कार्यालय जिला विकास अधिकारी, जनपद–कन्नौज।

पत्रॉक 1272 / जल जीवन मिशन / बैठक–कार्यवृत्त / 2025–26 दिनॉक 25/02/2026

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक,राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक,उत्तर प्रदेश जलनिगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी,महोदय कन्नौज।
4. मुख्य विकास अधिकारी,महोदय कन्नौज।
5. अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम (ग्रामीण) कन्नौज।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, कन्नौज।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी,जनपद कन्नौज।
8. मेसर्स जी0वी0पी0आर0 इन्जी0 लिमि0 हैदराबाद।
9. मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद।

जिला विकास अधिकारी,
कन्नौज।

Scanned with OKEN Scanner